# दैनिक नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 76 ( भोपाल: वर्ष 38 अंक 163, पृष्ठ 12 )   सोमवार 15 मई 2023   राजधानी संस्करण. कीमत: रु.3:00   www:naiduniaonline.com


**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | ↑ 42.8° | ↓ 22.9° |
| इंदौर | ↑ 42.7° | ↓ 24.6° |
| ग्वालियर | ↑ 44.5° | ↓ 24.2° |
| जबलपुर | ↑ 41.1° | ↓ 22.0° |

सूर्योदय- 5.39   सूर्यास्त-6.54



बैंगलोर ने दर्ज की बड़ी जीत....... 11

**आज का मैच**

गुजरात V/s हैदराबाद

नरेन्द्र मोदी स्टेडियम अहमदाबाद में समय- शाम 7.30 बजे से ।

## खास-खबरें...

### केंद्र 'स्टार्टअप' की प्रगति की निगरानी करेगा: जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार ने 'स्टार्टअप' के पोषण और प्रगति की निगरानी के लिए एक तंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप की संख्या एक लाख के आंकड़े को पार कर चुकी है। उन्होंने कहा कि यह तंत्र विभिन्न स्टार्टअप की प्रगति पर पैनी नजर रखेगा और देखेगा कि उनको कैसे टिकाऊ बनाया जाए ताकि वे असफल न हों, खासकर वे जिन्होंने केंद्र सरकार से तकनीकी और वित्तीय समर्थन हासिल किया है।

### राज्य सरकार प्रदेशभर में नशा मुक्ति केंद्र खोलेगी : खट्टर

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रविवार कहा है कि प्रदेश से नशे को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार प्रदेशभर में नशा मुक्ति केंद्र खोलेगी। श्री खट्टर रविवार को सिरसा जिले के गांव चोरमार खेड़ा में जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे।उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति केंद्रों के अलावा, संत महात्माओं को भी ऐसे केंद्रों के संचालन का जिम्मा सौंपा जाएगा ताकि वे युवाओं का मार्गदर्शन कर उन्हें सही मार्ग पर लाएं। उन्होंने ग्रामीणों से आयुष्मान तथा चिरायु हरियाणा योजना के लाभ बारे पूछा तो एक महिला ने बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड बना हुआ है, लेकिन जब वे अपने बच्चे का इलाज करवाने गई तो डॉक्टर ने कहा कि बच्चे का कार्ड नहीं बना हुआ इसलिए इलाज नहीं होगा।

# सागर से मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना-2023 का शुभारंभ

## मुख्यमंत्री ने स्वयं भरे किसानों के फार्म और ब्याज माफी प्रमाण-पत्र दिए

सागर (निप्र)।





**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हमारी सरकार किसानों की सरकार है, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में किसान-कल्याण के कार्य हो रहे हैं। पुरानी सरकार ने कर्ज माफी के नाम पर किसानों को ठगा और उन्हें डिफॉल्टर बना दिया।**

उन्होंने 10 दिन में किसानों की कर्ज माफी की घोषणा की और सवा साल में 48 हजार करोड़ के कर्जे में से सिर्फ 6 हजार करोड़ का कर्जा माफ किया। यह किसानों के साथ बड़ा धोखा था। किसानों के सर पर कर्ज की गठरी ला दी गई और वे डिफॉल्टर हो गए। इससे उन्हें फसल ऋण मिलना बंद हो गया। हमारी सरकार ऐसे प्रत्येक किसान की ब्याज की राशि भरेगी, जिससे वे डिफॉल्टर न रहे और उन्हें जीरो प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण योजना का लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज सागर में मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना-2023 का विधिवत शुभारंभ किया। इसी के साथ प्रदेश की सभी 4536 कृषक प्राथमिक सहकारी समितियों में योजना के आवेदन-पत्र भरने का कार्य शुरू हो गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पंचम लाल पटेल सहित कुछ किसानों के कर्ज माफी के फार्म भी स्वयं भरे और उन्हें ब्याज माफी प्रमाण-पत्र दिये। कृषक श्री पंचमलाल पटेल की 8782 रूपये की और श्री जुगरेन्द्र चिरार की 40 हजार 303 रूपये की ब्याज राशि माफ की गई।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी प्राथमिक सहकारी समितियों में उन सबके नाम की सूची प्रकाशित की गई है, जो ब्याज की राशि न भर पाने के कारण डिफॉल्टर हो गए हैं। किसान अपनी सोसाइटी में जाएँ, सूची देखें और निश्शुल्क आवेदन भरें। वे आवेदन की पावती भी प्राप्त करें। ऐसे सभी किसानों के ब्याज की राशि सरकार भरेगी और इसी के साथ डिफाल्टर किसानों को भी जीरो प्रतिशत ब्याज पर अगली फसल के लिए फसल ऋण मिलना प्रारंभ हो जाएगा।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ऐसे किसान जिनकी फसलों को नुकसान हुआ था, उनके अल्पकालिक फसल ऋण को मध्यकालिक फसल ऋण में परिवर्तित कर दिया गया था। ऐसे किसानों के ब्याज की राशि भी सरकार भरवा रही है। यह राशि लगभग 2123 करोड़ रूपए है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारी सरकार ने विभिन्न योजनाओं में गत 3 वर्ष में 2 लाख 31 हजार 322 करोड़ रूपए की राशि किसानों के खातों में डाली है। इसमें 94 हजार 394 करोड रूपए फसल उपार्जन की, 47 हजार 188 करोड़ रूपए की राशि खेती के लिये बिजली प्रदाय के अनुदान की, 15 हजार 541 करोड़ रूपए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की, 7 हजार 963 करोड़ रूपए मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना की, 4 हजार 82 करोड़ रूपए फसल मुआवजा की, 115 करोड़ रूपए सोलर पंप पर अनुदान की और 4375 करोड़ रूपए की कृषि अधो-संरचना विकास की राशि शामिल है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारी सरकार सदैव किसानों के साथ खड़ी है। कोविड जैसे संकट काल में भी सरकार ने निरंतर किसान-कल्याण के कार्य किए और बड़ी राशि उनके खाते में डाली। हाल ही में हुए फसल नुकसान की राशि भी किसानों को दी गई ( शेष पेज 2 पर )

# मोदी ने जन शक्ति प्रदर्शनी देखने राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय का किया दौरा

नई दिल्ली (एजेंसी)।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन शक्ति एक सामूहिक शक्ति प्रदर्शनी देखने के लिए रविवार को नई दिल्ली स्थित नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट का दौरा किया।**

प्रधानमंत्री के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 100वें एपिसोड को चिन्हित करने के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी भारत की कलात्मक विविधता का जश्न मनाती है और मन की बात में हाइलाइट किए गए विषयों से प्रेरित है। प्रधानमंत्री के इस विशेष दौरे के दौरान कलाकारों को अपनी कलाकृतियों और मन की बात के विषयों को समझाने का अवसर मिला जिसने उनकी कलाकृतियों को प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने जयपुर हाउस के ऐतिहासिक गुंबद में जन शक्ति प्रदर्शनी के इमर्सिव प्रोजेक्शन शो को भी देखा। कलाकृतियों को देखने के बाद, पीएम मोदी ने जन शक्ति प्रदर्शनी सूची पर हस्ताक्षर करते हुए अपना संदेश लिखा, मन मंदिर की यात्रा सुखद हो। इस सूची पर पहले से ही 13 कलाकारों ने अपना-अपना हस्ताक्षर किया हुआ था। आपको बता दें कि, इसमें तेरह प्रसिद्ध आधुनिक और समकालीन कलाकारों ने खुद को अभिव्यक्त करने के लिए विभिन्न माध्यमों से बारह विषयों पर प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेश का कलात्मक प्रतिनिधित्व ( शेष पेज 2 पर )

आत्मनिर्भर भारत की ओर रक्षा मंत्रालय का कदम...

# 928 डिफेंस आइटम्स के आयात पर प्रतिबंध

नई दिल्ली (एजेंसी)।



**आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम बढ़ाते हुए रक्षा मंत्रालय ने उन 928 पुर्जों की एक नई सूची को मंजूरी दी है, जिन्हें सिर्फ देश की ही कंपनियों से खरीदा जा सकेगा। मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इस कदम का उद्देश्य रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।**

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के आयात को कम करने के लिए रक्षा मंत्रालय ने चौथी पीआईएल को मंजूरी दी है. यह चौथी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) है, जिसमें रिप्लेसमेंट यूनिट्स, उप-प्रणालियां और विभिन्न सैन्य प्लेटफॉर्म, उपकरण और हथियारों में इस्तेमाल होने वाले पुर्जे शामिल हैं. अभी इन उत्पादों के आयात पर करीब 715 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। रक्षा मंत्रालय ने वस्तुओं के आयात प्रतिबंध के लिए स्पष्ट समयसीमा निर्धारित की है, जो दिसंबर 2023 से लेकर दिसंबर 2028 तक हैं। इससे पहले मंत्रालय ने दिसंबर 2021, मार्च 2022 और अगस्त 2022 में इसी तरह की तीन पीआईएल जारी की थी. बयान में कहा गया है कि इन सूचियों में शामिल 2500 से ज्यादा चीज़ें हैं जो पहले से स्वदेशी हैं और 1238 (351+107+780) वस्तुओं का निर्धारित समय सीमा के अंदर स्वदेशीकरण किया जाएगा। उसमें कहा गया है कि 1238 वस्तुओं में से 310 का स्वदेशीकरण किया ( शेष पेज 2 पर )

# प्रदेश में आतंकवाद पनपने नहीं देंगे: चौहान

## धर्मांतरण का प्रयास करने वाले संगठन पर की गई प्रभावी कार्रवाई

**भोपाल( काप्र )। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती पर धर्मांतरण नहीं होने दिया जाएगा। धर्मांतरण के प्रयास करने वाले संगठनों पर प्रभावी कार्रवाई की गई है। आतंकवाद को कुचलने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज स्मार्ट उद्यान में टीवी न्यूज चैनल प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे।**

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में धर्मांतरण के प्रयासों में लिप्त पाए गए संगठन के सदस्यों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। हिज्ब उत तहरीर संगठन के सदस्य कोचिंग सेंटर चलाने, ऑटो ड्राइवर और दर्जी के रूप में कार्य कर धर्मांतरण के प्रयास कर रहे थे। रायसेन जिले के वन क्षेत्र में ये ट्रेनिंग कैंप भी चलाते थे। प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से एक और राज्य में 10 लोगों की धरपकड़ हुई है। तेलंगाना से भी ऐसे संगठन के सदस्यों को पकड़ा गया है। एटीएस द्वारा तत्परता से कार्रवाई की गई है। ऐसे तत्वों को जड़ से समाप्त किया जाएगा। इनका पैटर्न धर्मांतरण और आतंकवाद फैलाना है। इनको ऐसे प्रयास में सफल नहीं होने दिया जाएगा। गैर कानूनी कार्य करने वाले तत्वों के विरूद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। पूर्व में भी नक्सली, दस्युओं और आतंकी गतिविधियों में लिप्त अपराधियों को पकड़ा गया है। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में किसानों को बड़ी सौगात के रूप में ब्याज माफी का लाभ दिया जा रहा है। पूर्व सरकार द्वारा ऋण माफी का वादा कर किसान को ऋण ग्रस्त और डिफाल्टर बनाया गया। ऐसे किसानों की ब्याज की राशि का भुगतान राज्य सरकार करेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में अभी तक हल किए गए प्रकरणों की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि अभियान में आम जनता से जुड़े छोटे-छोटे कार्यों जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, बँटवारा, अविवादित नामांतरण, विभिन्न प्रमाण-पत्रों को उपलब्ध कराने, बिजली पेयजल कनेक्शन देने के लिए 31 मई तक शहरी क्षेत्र के वार्ड और ग्रामों में शिविर लगाए जायेंगे।

# बांग्लादेश-म्यांमार के तटों से टकराया भीषण चक्रवात मोचा

**ढाका ( एजेंसी )।** कैटेगरी पांच स्तर का भीषण चक्रवाती तूफान मोचा रविवार को बंगलादेश और म्यांमार के तटों से टकराया जिससे भारी बारिश हुई और 195 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलीं। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग के निदेशक मोहम्मद अजीजुर रहमान ने कहा है कि शाम तक चक्रवात के कमजोर पड़ने की संभावना है। सरकार ने रविवार के लिए बहुत भारी वर्षा के पूवार्नुमान से जुड़ी एक भूस्खलन की आधिकारिक चेतावनी भी जारी की। चक्रवात के कारण दो फ्लोटिंग एलएनजी टर्मिनलों से गैस की आपूर्ति निलंबित कर दी गई थी। अधिकारियों ने मोचा के कारण सभी शैक्षिक बोर्डों के तहत सोमवार की माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र या एसएससी परीक्षाओं को निलंबित कर दिया है। अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर ने कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना खुद स्थिति की निगरानी कर रही हैं और चक्रवात से निपटने के निर्देश दे रही हैं। म्यांमार के सितवे क्षेत्र में बिजली और वाई-फाई कनेक्शन बाधित हो गए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सितवे में बचाव दल ने कहा कि उन्हें बाढ़ में फंसे लोगों के संकटकालीन कॉल आ रहे हैं।

जयशंकर ने आठ देशों के विदेश मंत्रियों के साथ की द्विपक्षीय बैठकें...

# द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और यूक्रेन संघर्ष के नतीजों पर की बात



**नई दिल्ली /स्टॉकहोम ( एजेंसी )। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में आयोजित यूरोपीय यूनियन-इंडो पैसिफिक मिनिस्ट्रियल के इतर आठ देशों लातविया, ऑस्ट्रिया, फ्रांस, बेल्जियम, रोमानिया, साइप्रस और बुल्गारिया और लिथुआनिया के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की है।**

डॉ जयशंकर ने जिन विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत की , उनमें लातविया के एडगर रिंकेविक्स, ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर शालेनबर्ग, लिथुआनिया के गेब्रियलियस लैंड्सबर्गिस, फ्रांस के कैथरीन कोलोना, बेल्जियम के हादजा लाहबिब, बुल्गारिया के इवान कोंडोव, रोमानिया के बोगडान ऑरेस्कु और साइप्रस के कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस शामिल रहे। भारतीय विदेश मंत्री ने अपने सिलसिलेवार ट्वीट्स में आठ देशों के अपने समकक्षों के साथ बातचीत का उल्लख किया। लातवियाई विदेश मंत्री के साथ अपनी बैठक के बारे में कहा कि हमने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और यूक्रेन संघर्ष के नतीजों पर बात की। इसके अलावा बहुपक्षीय सहयोग पर भी चर्चा हुई। उन्होंने ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर शालेनबर्ग के साथ अपनी बैठक के संबंध में दोनों पक्षों ने गतिशीलता और प्रवासन में समझौतों पर हस्ताक्षर किए और यूक्रेन संघर्ष और भारत-प्रशांत पर भी चर्चा की। डॉ जयशंकर ने आगे कहा कि फ्रांसीसी विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना के साथ बैठक में आगामी जुलाई में बैस्टिल दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस की आगामी यात्रा पर चर्चा की तथा हिंद-प्रशांत और ती-20 पर विचारों को साझा किया गया। लिथुआनियाई ( शेष पेज 2 पर )

# कर्नाटक के डीजीपी प्रवीण सूद सीबीआई के नए निदेशक



**नई दिल्ली ( एजेंसी )। कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रवीण सूद को एक उच्च स्तरीय चयन समिति ने केंद्रीय जांच ब्यूरो ( सीबीआई ) का निदेशक नियुक्त किया है। वर्तमान में कर्नाटक में पुलिस महानिदेशक ( डीजीपी ) के रूप में सेवारत, सूद अपनी नई भूमिका के लिए अनुभव और विशेषज्ञता लेकर आए हैं।**

चयन समिति में शामिल प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सर्वसम्मति से सूद की नियुक्ति पर सहमति व्यक्त की। यह फैसला शनिवार शाम को हुई बैठक में लिया गया। वर्तमान निदेशक सुबोध कुमार जायसवाल 25 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इसके पहले प्रवीण सूद ने पुलिस बल में विभिन्न प्रमुख पदों पर कार्य किया है। सीबीआई निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति उनके समर्पण, व्यावसायिकता और कानून और व्यवस्था बनाए रखने के ट्रैक रिकॉर्ड का प्रमाण है। आईपीएस में अपने व्यापक अनुभव और भारतीय कानूनी प्रणाली की पेचीदगियों की अपनी गहरी समझ के साथ, सूद देश की प्रमुख जांच एजेंसी का नेतृत्व ( शेष पेज 2 पर )

# विपक्षी एकता को मजबूत करने की कवायद तेज, आदित्य ठाकरे ने केजरीवाल से की मुलाकात

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से रविवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और शिवसेना के नेता आदित्य ठाकरे ने मुलाकात की। यह मुलाकात करीब एक घंटे तक चली। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत के तुरंत बाद ठाकरे से केजरीवाल की मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस की कर्नाटक में जीत से ना सिर्फ कांग्रेस को ही खुशी हुई है बल्कि अन्य पार्टियों को भी लगने लग गया है कि 2024 में मोदी का किला हिल सकता है।कर्नाटक विधानसभा चुनावों के बाद अब विपक्षी एकता को और मजबूत होते हुए देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि अब 2024 के लोकसभा चुनाव की बिसात बिछनी शुरू हो चुकी है। केजरीवाल और शिवसेना यूबीटी के नेता आदित्य ठाकरे की मुलाकात भी इसी कड़ी का एक हिस्सा हो सकता है। क्योंकि इन सबका टारगेट अब बीजेपी को हराना है।

विधायक दल की बैठक में हुआ फैसला...

# कांग्रेस अध्यक्ष ही तय करेंगे कर्नाटक का सीएम

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का अगला सीएम कौन होगा, इसे लेकर चल रही अटकलों का दौर अब जल्द ही थमने वाला है। दरअसल, बेंगलुरु में आयोजित कांग्रेस विधायक दल की बैठक में यह फैसला हुआ है कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ही राज्या के नए सीएम का नाम तय करेंगे।**

विधायक दल की बैठक में यह एक लाइन का प्रस्ताव पारित किया गया है। साथ ही बेंगलुरु के जिस होटल में विधायक दल की बैठक हुई है, उसके बाहर सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के समर्थकों ने जमकर नारेबाजी भी की है। कर्नाटक के मुख्ययमंत्री की रेस में सबसे बड़े दावेदार सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार ही हैं। सूत्रों के अनुसार, सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार सोमवार सुबह दिल्ली आ रहे हैं, साथ ही रणदीप सुरजेवाला और केसी वेणुगोपाल भी दिल्ली पहुंचेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे सीएम के तौर पर किसी नाम को तय करने से पहले कांग्रेस आलाकमान से भी राय ले सकते हैं।

बेंगलुरु के होटल में चल रही बैठक के खत्म होने के बाद कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कर्नाटक का अगला सीएम कौन होगा, इसे लेकर बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया। एक लाइन के इस प्रस्ताव को सिद्धारमैया जी ने पेश किया, जिस पर सभी विधायकों ने सर्व सम्मति से यह तय किया कि सीएम के नाम को लेकर अगला फैसला पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ही लेंगे। सुरजेवाला ने बताया कि इस बैठक के बाद डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया सोमवार को दिल्ली जाएंगे. वहां वो सोनिया गांधी और राहुल गांधी से भी ( शेष पेज 2 पर )

# अनंतनाग में सेना व आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के अंडवान सागर इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा, अनंतनाग के अंडवान सागर इलाके में सुरक्षा बलों व आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। पुलिस और सुरक्षा बल अपना काम कर रहे हैं। पुलिस और सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम को उस क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में इनपुट मिलने के बाद गोलीबारी शुरू हुई।

# जयपुर विस्फोट मामला: आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ अपील पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट 2008 के जयपुर श्रृंखलाबद्ध विस्फोटों में मारे गए लोगों के कुछ परिजनों की उस याचिका पर 17 मई को सुनवाई करने पर सहमत हो गया है, जिसमें निचली अदालत द्वारा मौत की सजा पाए चार लोगों को बरी करने के राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। तेरह मई, 2008 को मानक चौक खंड, चांदपोल गेट, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, जौहरी बाजार और सांगानेरी गेट पर एक के बाद एक बम धमाकों से जयपुर दहल उठा था।

**स्पेशल खबर** *2020 के दिल्ली दंगे: अदालत ने...*

# *लापरवाह रवैये के लिए जांच अधिकारी को लगाई फटकार*

**नई दिल्ली ( एजेंसी )। दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर-पूर्वी इलाके में 2020 में हुए दंगों से जुड़े एक मामले में लापरवाह और गैर-पेशेवर रवैया अपनाने के लिए जांच अधिकारी ( सब-इंस्पेक्टर ) को फटकार लगाई है।**

अदालत ने जांच के आगे के मूल्यांकन के लिए मामले को पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को भेज दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने खजूरी खास थाने में दंगा, चोरी, डकैती, आगजनी समेत विभिन्न अपराधों में दर्ज मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। मामले में 10 अलग-अलग शिकायतें शामिल हैं। अदालत ने 1 मई को पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पूर्व) से प्रत्येक घटना के विशिष्ट समय और किसी भी प्रासंगिक सबूत के बारे में स्पष्टीकरण का अनुरोध किया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा, चूंकि एसआई विपिन अभी डीसीपी (एन/ई) के नियंत्रण में काम नहीं कर रहे हैं और चूंकि अदालत उनका लापरवाह और गैर-पेशेवराना रवैया देख रही है, मैं इस मामले को पुलिस आयुक्त को संदर्भित करना उपयुक्त समझता हूं ताकि इस मामले में एसआई विपिन कुमार द्वारा की गई जांच के साथ-साथ अपने उच्च अधिकारी को तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने के उपरोक्त आचरण का मूल्यांकन करें।आदेश में आगे कहा गया है, अब तक की गई अधूरी जांच के कारण यह अदालत आरोपों के संबंध में कुछ भी तय करने में असमर्थ है। किसी भी घटना का समय जांच का सबसे अहम हिस्सा होता है और अगला काम घटना के समय के आधार पर संबंधित सबूत जुटाना होता है। चूंकि एसआई विपिन द्वारा घटना के समय की जांच नहीं की गई थी, इसलिए इस घटना के संबंध में सबूतों को देखने और चार्जशीट किए गए अभियुक्तों की मिलीभगत का पता लगाने का कोई प्रयोजन नहीं हो सकता है।

# लक्ष्य पर सटीक निशाना: भारत के नए गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर ने दागी ब्रह्मोस



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय नौसेना ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का रविवार को सफल परीक्षण किया। नौसेना के फ्रंटलाइन गाइडेड मिसाइल डस्ट्रायर आईएनएस मोरमुगाओ से यह परीक्षण किया गया। मिसाइल ने समुद्र में भारतीय नौसेना की मारक क्षमता साबित की. अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नौसेना के एक अधिकारी ने कहाकि नवीनतम गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मोरमुगाओ ने अपने पहले ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल फायरिंग के दौरान बुल आई (लक्ष्य) को सफलतापूर्वक निशाना ( शेष पेज 2 पर )